an>

Title: Regarding promotion of tourism in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) : अध्यक्ष जी, पर्यटन क्षेत्र भारत में सबसे बड़े रोजगार सृजनकर्ताओं में से एक है और समाज के कम लाभान्वित वर्गों के समावेशी विकास को बढ़ावा देने तथा गरीबी उन्मूलन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इसको मद्देनजर रखकर गुजरात ने भी पर्यटन क्षेत्र में अच्छी तरक्की की है। केन्द्र सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा दो नई स्कीम्स - स्वदेश दर्शन एवं प्रसाद की थीम पर गुजरात ने इंटरनेशनल बुद्धिस्ट सर्किट में समाविष्ट गुजरात की 12 जगहों - वडनगर, तारंगा, शामलाजी, तलाजा, भरुच, प्रभास पाटन, जूनागढ़, अमरेली, राजकोट, कच्छ, देवनीमोरी - के लिए दरख्वास्त भेजी है। इस प्रोजेक्ट को मंजूर किया जाए और उसके लिए जल्द से जल्द फण्ड एलॉट किया जाए। प्रसाद स्कीम के तहत गुजरात सरकार द्वारा साबरकांठा जिले की वडाली तहसील में धरोई डैम साइट के पास वाले महोर गांव में एक संतनगरी के निर्माण करने के प्रोजेक्ट की दरख्वास्त भी की है।

आपके माध्यम से पर्यटन मंत्रालय से विनती है कि उन प्रोजेक्ट्स को जल्द से जल्द मंजूरी दी जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्रीमती जयश्रीबेन पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।